संख्या-3/2020/248/58-1-20-2/1(21)16

**प्रेषक,**

**शिवराज कुमार यादव,**

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2. **निदेशक,**
राज्य पोषण मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग दिनांक : 03 फरवरी, 2020

**विषयः उत्तर प्रदेश सरकार एवं बिल एवं मेलिण्डा गेट्स फाउण्डेशन के मध्य निष्पादित मेमोरेण्डम ऑफ को-ऑपरेशन के अन्तर्गत गठित उ0प्र0 तकनीकी सहयोग इकाई द्वारा विभागीय कार्यक्रमों के संचालन में तकनीकी-प्रबन्धकीय सहयोग प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में जैसा कि आप अवगत हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं बिल एवं मेलिण्डा गेट्स फाउण्डेशन (बी0एम0जी0एफ0) के मध्य वर्ष 2012 में निष्पादित मेमोरेण्डम ऑफ को-ऑपरेशन (एम0ओ0सी0) के अनुसरण में गठित "उ0प्र0 तकनीकी सहयोग इकाई" (यू0पी0टी0एस0यू0) द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा पोषण मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियों में महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-60/2016/2528/60-2-16-2/1(21)16, दिनांक 28 सितम्बर, 2016 में निहित व्यवस्था/प्रावधानानुसार तकनीकी-प्रबन्धकीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

2- उक्त सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि उक्त एम0ओ0सी0 के अन्तर्गत बी0एम0जी0एफ0 द्वारा स्वास्थ्य, पोषण सेवायें, कृषि उत्पादकता में सुधार एवं वित्तीय अन्तर्वेशन आदि क्षेत्रों में राज्य सरकार को सहयोग प्रदान किया जाना प्रावधानित है। पोषण के क्षेत्र में माताओं, शिशुओं एवं बाल पोषण के स्तर में सुधार, मातृ मृत्युदर एवं बाल मृत्युदर को कम करने हेतु यू0पी0टी0एस0यू0 द्वारा प्रदेश सरकार को तकनीकी एवं प्रबन्धकीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। विदित हो कि यू0पी0टी0एस0यू0 के संचालन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासनादेश संख्या-276/पाँच-9-2014-9(101)/12, दिनांक 10 मार्च, 2014 निर्गत किया गया है।

3- तद्क्रम में सुलभ सन्दर्भ हेतु अवगत कराना है कि राज्य सरकार एवं बी0एम0जी0एफ0 के मध्य वर्ष 2012 में निष्पादित पूर्व एम0ओ0सी0 वर्ष 2017 तक प्रभावी थी। उक्त कार्यक्रम को अग्रेत्तर क्रियान्वित किए जाने हेतु नवीन एम0ओ0सी0 निष्पादित करने में प्रक्रियात्मक समय लगने के दृष्टिगत इसे चिकित्सा विभाग के विभिन्न कार्यालय-ज्ञापों द्वारा दिनांक 31.5.2019 तक विस्तारित किया गया। राज्य सरकार एवं बी0एम0जी0एफ0 के मध्य नवीन एम0ओ0सी0 अब दिनांक 1.6.2019 को अगले 05 वर्षो के लिए निष्पादित हो गया है। इस सम्बन्ध में सचिव, चिकित्सा अनुभाग-9, उ0प्र0 शासन के संलग्न पत्र संख्या-725/पांच-9-2019-9(101)/2012 दिनांक 17.06.2019 द्वारा उक्त एम0ओ0सी0 की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

**4-** उक्त सन्दर्भित विभागीय शासनादेश के अन्तर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं राज्य पोषण मिशन, उत्तर प्रदेश को तकनीकी सहयोग हेतु निर्दिष्ट परियोजना की अवधि नवम्बर, 2015 से मार्च, 2019 तक निर्धारित थी। प्रथम चरण में परियोजना का क्रियान्वयन प्रदेश के 25 उच्च प्राथमिकता वाले जनपदों (एच0पी0डी0) के चयनित 100 विकास खण्डों में किया गया था। विस्तारित परियोजना का संचालन अप्रैल, 2019 से 25 एच0पी0डी0 जनपदों के समस्त 294 विकास खण्डों में किया जा रहा है।

**5-** नवीन एम0ओ0सी0 के निष्पादित होने के फलस्वरूप इस परियोजना की अवधि अगले पाँच वर्षों हेतु विस्तारित की गयी है, जिसके अन्तर्गत उ0प्र0 तकनीकी सहयोग इकाई द्वारा विभाग को मेटरनल, इन्फैन्ट एण्ड यंग चाइल्ड न्यूट्रीशन (एम0आई0वाई0सी0एन0) एवं पोषण सेवाओं के विस्तार/आच्छादन एवं गुणवत्ता में सुधार लाने में सहयोग प्रदान किया जाना अपेक्षित है।

अतः उक्त तथ्यों के आलोक में प्रश्नगत 'नवीन एम0ओ0सी0' की छाया प्रति इस आशय से संलग्न कर आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने के निदेश हुए हैं कि कृपया नवीन एम0ओ0सी0 एवं सन्दर्भित विभागीय शासनादेश में निहित व्यवस्थान्तर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा पोषण मिशन से संबंधित कार्यक्रमों के सुचारू रूप से संचालनार्थ जनहित में यू0पी0टी0एस0यू0 से/को यथावश्यक सहयोग नियमानुसार प्राप्त/प्रदान करने का कष्ट करें। इस हेतु कोई अतिरिक्त वित्तीय सहायता अनुमन्य नहीं होगी।

**संलग्नक- यथोपरि।**

भवदीय,

**(शिवराज कुमार यादव)**
उप सचिव।

संख्या-3/2020/248(1)/58-1-2020, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नकों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ।
2. महानिदेशक, उ0प्र0 राज्य पोषण मिशन।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 को सूचनार्थ।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. अधिशासी निदेशक, उ0प्र0 तकनीकी सहयोग इकाई, उ0प्र0।
7. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0।
8. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0।
9. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उ0प्र0।
10. प्रतिनिधि बिल एवं मेलिण्डा गेट्स फाउण्डेशन।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

**(शिवराज कुमार यादव)**
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in